www.sgbauonline.com

**AR–340**

# B.A. (Part—III) Examination

## (Optional Subject)

## HINDI LITERATURE

समय : 3 घंटे] [पूर्णांक : 100

1. निम्नांकित पद्यांश की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिये : 10

'रक्त से छाने हुए इस राज्य को
वज्र हो कैसे सकूँगा भोग मैं ?
आदमी के खून में यह है सना
और है इसमें लहू अभिमन्यु का'।
वज्र-सा कुछ टूटकर स्मृति से गिरा,
दब गये कौन्तेय दुर्वह भार से,
दब गयी वह बुद्धि जो अब तक रही
खोजती कुछ तत्त्व रण के भस्म में।

**अथवा**

घुट रही नर-बुद्धि की है साँस ;
चाहती वह कुछ बड़ा जग, कुछ बड़ा आकाश।
यह मनुज, जिसके लिए लघु हो रहा भूगोल,
अपर-ग्रह-जय की तृषा जिसमें उठी है बोल।
यह मनुज विज्ञान में निष्णात,
जो करेगा, स्यात्, मंगल और विधु से बात।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

2. निम्नांकित गद्यांश की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिये : 10

यदि किसी को दूसरों के कल्याण के लिये भारी स्वार्थ-त्याग करते देख हमारे मुँह से 'धन्य-धन्य' भी न निकला तो हम समाज में रहने योग्य नहीं। किसी कर्म में प्रवृत्त होने के पहले यह स्वीकार करना आवश्यक होता है कि वह कर्म या तो हमारे लिये या समाज के लिये अच्छा है। इस प्रकार की स्वीकृति कर्म की पहली तैयारी है। श्रद्धा-द्वारा हम यह आनन्दपूर्वक स्वीकार करते हैं कि कर्म के अमुक अमुक दृष्टांत धर्म के हैं, अत: श्रद्धा धर्म की पहली सीढ़ी है।

**अथवा**

लोकव्यवहार में मग्न होकर जो मंगल-ज्योति इन अवतारों ने उसके भीतर जगाई, उसके माधुर्य का अनेक रूपों में साक्षात्कार करके मुग्ध होना और मुग्ध करना ही इन भक्तों का प्रधान व्यवसाय है। उनका शस्त्र भी मानव-हृदय है और लक्ष्य भी। उपदेशों का ग्रहण ऊपर ही ऊपर से होता है। न वे हृदय के मर्म को ही भेद सकते हैं, न बुद्धि की कसौटी पर ही स्थिर भाव से जमें रह सकते हैं। हृदय तो उनकी ओर मुड़ता ही नहीं और बुद्धि उनको लेकर अनेक दार्शनिक वादों के बीच जा उलझती है।

3. 'कुरुक्षेत्र का कथानक पौराणिक होते हुए भी आधुनिक संदर्भों से युक्त हैं।' प्रस्तुत कथन की पुष्टि कीजिये। 15

**अथवा**

युधिष्ठिर की चारित्रिक विशेषताओं को निरूपित कीजिये।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

4. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के निबंधों की विशेषताओं को विशद कीजिये। 15

**अथवा**

'भाव या मनोविकार' निबंध में निहित विचारों को स्पष्ट कीजिये।

5. छायावादी काव्य की प्रवृत्तियां निरूपित कीजिये। 10

**अथवा**

प्रगतिवाद की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताएं लिखिये।

6. (अ) रस की परिभाषा लिखते हुए उसके भेद लिखिये। 10

**अथवा**

हास्यरस और करूण रस को सोदाहरण लिखिये।

(ब) निम्नलिखित अलंकारों को उदाहरणसंहित स्पष्ट कीजिये : 4

(i) यमक

(ii) उत्प्रेक्षा

**अथवा**

(iii) उपमा

(iv) मानवीकरण।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(क) निम्नलिखित छंदों के लक्षण देकर उन्हें उदाहरणसहित स्पष्ट कीजिये : 4

(i) चौपाई

(ii) हरिगीतिका

अथवा

(iii) दोहा

(iv) रोला।

(ड) लक्षणा अथवा व्यंजना शब्दशक्ति परिभाषा सोदाहरण बताइये। 2

7. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ एवं अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशों के अनुसार लिखिये : 20

(अ) कुरुक्षेत्र से :

(i) वज्रांग किसे कहा गया है ?

(ii) 'कुरुक्षेत्र' में _____ की कथा है।

(युधारम्भ, युद्धांत, मध्य)

(iii) इच्छामृत्यु का वरदान किसे प्राप्त था ?

(iv) द्रौपदी के कितने बालकों का वध किया गया था ?

(पांच, छह, सात)

(v) "हाय पितामह, महाभारत _____ हुआ।"

(उचित शब्द लिखकर पंक्ति पूर्ण कीजिये)



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(ब) चिंतामणि से :

(i) ______ अन्त:करण की शुद्धि का एक विधान है।
(प्रेम, ग्लानि, सुख)

(ii) मनुष्य केवल एक जोड़ी ______ लेकर इस संसार में आता है।
(उचित शब्द लिखकर वाक्य पूर्ण कीजिये)

(iii) प्रभु के महत्व के सामने होते ही भक्त के हृदय में अपने लघुत्व का अनुभव होने लगता है।
(सत्य/असत्य)

(iv) श्रद्धा एक ______ भाव है।

(v) लज्जा का हल्का रूप ______ है।
(दुख, दैन्य, संकोच)

(क) हिन्दी साहित्य का इतिहास से :

(i) धूमिल का नाम ______ है।
(कमलेश्वर, सुदामा पाण्डे, बेचैन शर्मा)

(ii) ______ हालावाद के प्रवर्त्तक के रूप में जाने जाते हैं।
(जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, हरिवंशराय बच्चन)

(iii) छायावाद में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है।
(सत्य/असत्य)

(iv) प्रकृति के सुकुमार कवि के रूप में किसे जाना जाता है ? (एक वाक्य में उत्तर लिखिये)

(v) 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि का उपनाम है ?
(रामधारीसिंह दिनकर, उदयशंकर भट्ट, माखनलाल चतुर्वेदी)



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(ड) काव्यांग से :

(i) विभत्स रस का स्थायी भाव _____ है।

(ii) चौपाई में कितनी मात्रायें होती हैं ?

(14, 16, 18)

(iii) 'कनक कनकते सौगुनी, मादकता अधिकाय।'

(प्रस्तुत पंक्ति में कौनसा अलंकार है)

(iv) यति _____ को कहते हैं। (विराम, गति, लय)

(v) शब्दशक्तियां कितने प्रकार की होती हैं ?

(दो, पांच, तीन)



www.sgbauonline.com